**भारत सरकार**

**योजना मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3693**

**दिनांक 11.12.2019 को उत्तर देने के लिए**

**अटल सुधार प्रयोगशालाएं**

**3693. श्री सौमित्र खान**:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वर्ष 2020 तक 10,000 अटल सुधार प्रयोगशालाओं (एटीएल) का निर्माण करने की योजना बना रही है;

(ख) जिन विद्यालयों में एटीएल का निर्माण हो चुका है या निर्माणाधीन हैं, उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार देश के सभी सरकारी विद्यालयों में एटीएल स्थापित करने का विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय**
**तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**
**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) जी, हां। भारत सरकार विद्यालयों को विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि उन्हें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मंचों की जानकारी प्रदान की जा सके। सरकार ने नीति आयोग में अटल नवप्रवर्तन मिशन (एआईएम) की स्थापना की है। एआईएम की स्थापना का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का सृजन करना तथा जिज्ञासा और नवप्रवर्तन की प्रवृत्ति को पोषित करना है। इस प्रयोजनार्थ एआईएम छठी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए देश-भर में अटल सुधार प्रयोगशालाओं की स्थापना कर रहा है जो इलेक्ट्रॉनिक्स, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), 3डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स, आदि जैसी नवीनतम उदीयमान प्रौद्योगिकियों से सुसज्जित हैं।

आज तक की स्थिति के अनुसार कुल 8878 विद्यालयों का चयन किया गया है और 4680 विद्यालयों को एटीएल की स्थापना के लिए एटीएल सहायता अनुदान प्रदान किया गया है।

एआईएम की योजना मार्च 2021 के अंत तक 10,000 एटीएल को प्रचालित करने की है।

(ख) चयनित विद्यालयों की राज्य-वार संख्या और उनमें से एटीएल अनुदान प्राप्त करने वाले विद्यालयों की संख्या **अनुलग्नक 'क'** में दी गई है।

(ग) आज की तारीख तक एटीएल के लिए चयनित 70% विद्यालय सरकारी/सरकार द्वारा सहायता-प्राप्त विद्यालय हैं तथा 70% बालिका और सह-शिक्षा विद्यालय हैं। एटीएल अनुदान के लिए निधियों की संस्वीकृति अटल नवप्रवर्तन मिशन की बजटीय सीमाओं के अध्यधीन होती है। फिलहाल, एआईएम भारत के सभी सरकारी विद्यालयों में एटीएल स्थापित करने के बारे में विचार नहीं कर रहा है।

अनुलग्नक-क

# विद्यालयों की राज्य-वार संख्या

| क्र.सं. | राज्य | चयनित विद्यालयों की संख्या | एटीएल अनुदान प्राप्त करने वाले विद्यालयों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 25 | 10 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 566 | 349 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 42 | 23 |
| 4 | असम | 312 | 191 |
| 5 | बिहार | 131 | 68 |
| 6 | चंडीगढ़ | 27 | 16 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 373 | 220 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 3 | 3 |
| 9 | दमन और दीव | 2 | 0 |
| 10 | दिल्ली-एनसीआर | 251 | 146 |
| 11 | गोवा | 25 | 17 |
| 12 | गुजरात | 472 | 323 |
| 13 | हरियाणा | 329 | 174 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 122 | 59 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 117 | 37 |
| 16 | झारखंड | 161 | 63 |
| 17 | कर्नाटक | 704 | 335 |
| 18 | केरल | 488 | 247 |
| 19 | लद्दाख | 03 | 0 |
| 20 | लक्षदीप | 0 | 0 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 617 | 276 |
| 22 | महाराष्ट्र | 848 | 460 |
| 23 | मणिपुर | 89 | 59 |
| 24 | मेघालय | 23 | 11 |
| 25 | मिजोरम | 31 | 20 |
| 26 | नागालैंड | 26 | 20 |
| 27 | ओडिसा | 411 | 181 |
| 28 | पुदुचेरी | 25 | 14 |
| 29 | पंजाब | 220 | 120 |
| 30 | राजस्थान | 418 | 214 |
| 31 | सिक्किम | 32 | 24 |
| 32 | तमिलनाडु | 696 | 375 |
| 33 | तेलंगाना | 317 | 146 |
| 34 | त्रिपुरा | 25 | 12 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 693 | 305 |
| 36 | उत्तराखंड | 87 | 46 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 167 | 116 |
| कुल | | 8878 | 4680 |

***